हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, बुधवार 18 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 30 .5 डिग्री
न्यूनतम 13 .2 डिग्री

12 एनएसएस शिविर के समापन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

12 एजेंसियों पर हालात होने लगे सामान्य, घरेलू गैस का दुरूपयोग बढ़ने लगा, दिन भर चली स्टॉक की जांच


Under the aegis of RPS Education Society, M/Garh
RPS GROUP OF COLLEGES
Where Dreams come True
COURSES OFFERED
B.Sc. | B.Sc. (Hons.) | M.Sc. | B.A. | M.A.
M.Sc. | MBA | BBA | BCA | B.Tech. | M.Tech.
Polytechnic | B.V.Sc. & A.H. | VLDD
Our Toppers of Indira Gandhi University B.Sc. (Honors) Physics 5th Sem.
1st POSITION MAMTA D/O SH. RAJENDER
2nd POSITION POOJA D/o Sh. Kuldeep
3rd POSITION JYOTI D/o Sh. Krishan
4th POSITION RITIKA D/o Sh. Pawan
5th POSITION ANSHU D/o Sh. Brahm Prakash
6th POSITION ARYAN S/o Sh.Rajesh
9th POSITION AASTHA D/o Sh. Dharamveer
10th POSITION PRIYA D/o Sh. Bijender
Total 8 OUT OF 10 University Positions
ADMISSIONS OPEN : 2026-27
BUS FACILITY UPTO 80 KMS
WORLD CLASS HOSTEL FOR BOYS & GIRLS (AC/ NON-AC)
8th Mile Stone Balana, Mahendergarh, Haryana (NCR)
01285-241430/1/2, 8222888337/8, 8222999153

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में प्रोडक्शन वारंट पर

**कोसली।** सीआईए ने गत वर्ष निमोठ गांव में हुई लाखों रुपये की चोरी के मामले में एक आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। चोरों ने ललित के मकान से लाखों रुपये के जेवरात व नकदी चोरी किए थे। इस मामले में राजस्थान की गुलेल गैंग के सदस्यों को गिरफ्तार किया गया था। एक आरोपी महेंद्रगढ़ के पड़तल निवासी अजीत को भी सीआईए ने गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया था। अब उसे कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया गया है। सीआईए चोरी का माल बरामद करने के प्रयासों में जुटी हुई है।

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

**कोसली।** पुलिस ने सड़क हादसे को अंजाम देने के बाद फरार हुए एक टैंपो चालकों को गिरफ्तार किया है। गत 3 मार्च को कोसली के पास हुए हादसे में कुछ लोग घायल हो गए थे। टैंपो चालक मौके से फरार होने में कामयाब हो गया था। पुलिस ने अस्पताल में उपचाराधीन घायल के बयान पर टैंपो चालक के खिलाफ 14 मार्च को केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में कोसली निवासी पवन को गिरफ्तार कर लिया। उसका टैंपो भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### दहेज प्रताड़ना मामले में एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने दहेज की मांग पर महिला को प्रताड़ित करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में उसके पति को गिरफ्तार किया है। जिले के एक गांव निवासी प्रेमलता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने के प्रयास किए थे। विवाहिता ने दहेज की मांग पर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। दोनों पक्षों के बीच समझौता नहीं होने के कारण पुलिस ने 17 जनवरी को आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने दादरी के पिचौपा निवासी रणदीप को गिरफ्तार कर लिया। उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### निर्ममता से भरे पशु पिकअप से मुक्त कराए

**कुंड।** थाना खोल पुलिस ने पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पिकअप गाड़ी में निर्ममता से पशु भरकर ले जाने की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस ने नाकेबंदी करते हुए वाहनों की चेकिंग शुरू की। इस दौरान एक पिकअप गाड़ी को पकड़ा गया, जिसमें तीन ऊंटनियों को निर्ममता से भरा हुआ था। पशुओं को मुक्त कराते हुए पुलिस ने पिकअप गाड़ी कब्जे में ले ली। इस मामले में पुलिस ने यूपी के बागत निवासी जाहिद और राजस्थान के अजाड़ी खुर्द निवासी विशाल को गिरफ्तार कर लिया।

### प्रोडक्शन वारंट पर लिए चोरी के आरोपी

**कुंड।** सीआईए ने थाना खोल में दर्ज चोरी व आर्म्स एक्ट के मामले में आरोपियों कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वारदात के बाद 14 फरवरी 2023 के विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में सीआईए ने पलवल के घाघोट निवासी ओमबीर, गुरूग्राम के फाजिलपुर में रह रहे परसा का नांगल निवासी रवि और फरीदाबाद के अटेरना निवासी नरेश को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है।

*अवैध निर्माण के खिलाफ सरकार की सख्ती नहीं आ रही काम*

# कालूवास में निर्माण तोड़ने की थी तैयारी एसपी का पुलिस फोर्स देने से इनकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

शहर में चारों ओर बिना अनुमति निर्माण किए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई के सख्त आदेश दे चुकी है। निर्माण करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए समय पर पुलिस बल तक नहीं मिल रहा। मंगलवार को डीटीपी की कालूवास में तोड़फोड़ की संभावित कार्रवाई को उस समय झटका लगा, जब परीक्षाओं में व्यस्त होने की बात कहते हुए एसपी ने पुलिस बल मुहैया कराने से मना कर दिया। डीटीपी ने पुलिस फोर्स नहीं मिलने की शिकायत सीधे सरकार से करने का निर्णय लिया है। शहर के बाहरी इलाकों में इस समय बिना अनुमित प्लॉटिंग और निर्माण का खेल चल रहा है। प्रभावशाली लोग इस कार्य को खुलकर अंजाम देने में लगे हुए हैं। डीटीपी की ओर से भी बिना अनुमति निर्माण करने वाले लोगों के खिलाफ तोड़फोड़ की कार्रवाई लगातार की जा रही है। सप्ताह में दो से तीन बार डीटीपी की जेसीबी मशीन अवैध निर्माण तोड़ने के लिए मैदान में उतरती है। इस समय अवैध निर्माण को लेकर आरोप-प्रत्यारोप का मामला भी पूरी तरह से गर्माया हुआ है। एक कांग्रेसी नेता की ओर से हाल ही में सत्ता पक्ष से जुड़े लोगों पर कॉलोनियां काटने और अवैध निर्माण कराने के आरोप लगाए थे। मंगलवार को डीटीपी की ओर से कालूवास की राजस्व सीमा में अवैध निर्माण तोड़ने की कार्रवाई करनी थी। डीटीपी की ओर से एसपी से पुलिस फोर्स मुहैया कराने की मांग की गई थी, परंतु पुलिसकर्मियों के परीक्षा ड्यूटी में व्यस्त होने की बात कहते हुए एसपी ने फिलहाल फोर्स मुहैया कराने से मना कर दिया। पुलिस फोर्स के बिना डीटीपी की कार्रवाई कागजों तक सिमटकर रह गई। बार-बार प्रयासों के बावजूद एसपी से संपर्क नहीं हो सका, एसआईएस ने बताया कि उनके पास पुलिस फोर्स मांगने के लिए कोई नहीं आया।


रेवाड़ी। कालूवास में निर्माण तोड़ती डीटीपी की जेसीबी। फोटो :हरिभूमि

### बिना पुलिस बल चलाया पीला पंजा

एसपी की ओर से पुलिस फोर्स मुहैया कराने से मना करने के बाद डीटीपी की टीम ने मंगलवार को शाम के समय कालूवास की सीमा में जेसीबी चलाकर लगभग 5 एकड़ में विकसित की जा रही कॉलोनी को जमीदोंज कर दिया। इस दौरान जेसबी से 12 डीपीसी व 10 प्रीकास्ट चारदीवारी तोड़ दी गईं। पुलिस बल की गैर मौजूदगी के बावजूद इस कार्य को अंजाम दिया गया।

### बिना फोर्स कैसे की जाएगी तोड़फोड़




*मैंने एसपी से कालूवास एरिया में तोड़फोड़ के लिए पुलिस फोस मुहैया कराने की मांग की थी। एसपी ने पुलिसकर्मी परीक्षा ड्यूटी में व्यस्त होने की बात कहते हुए 1 अप्रैल तक पुलिस फोर्स देने में असहमति जाहिर कर दी। बिना पुलिस फोर्स के तोड़फोड़ की कार्रवाई संभव नहीं है। ऐसे में जल्द ही सरकार को पत्र लिखकर स्थिति से अवगत कराया जा रहा है।*
*-मंदीप सिहाग, डीटीपी।*

### फोर्स के बिना संभव नहीं एक्शन

डीटीपी की टीम के साथ बावल के पास गत दिनों एक भाजपा नेता ने तोड़फोड़ की कार्रवाई को लेकर जमकर हंगामा किया था। खून-खराबे और नौकरी चले जाने की धमकी तक वीडियो जमकर वायरल हुआ था। यह सब पुलिस बल की मौजूदगी में हुआ था। इसके बावजूद पुलिस मूक दर्शक बनी रही थी। डीटीपी की ओर से पुलिस शिकायत दर्ज कराए जाने के बावजूद एक्शन के नाम पर कुछ नहीं हुआ था। ऐसे में बिना पुलिस बल तोड़फोड़ की कार्रवाई संभव ही नहीं हो सकती।

### डीटीपी पर लगे भेदभाव के आरोप

हाल ही में एक कांग्रेसी नेता ने डीटीपी पर भेदभाव के आरोप लगाए थे। उन्होंने आरोप लगाया था कि डीटीपी सत्ता पक्ष से जुड़े प्रभावशाली लोगों के निर्माण पर एक्शन लेने की बजाय आम लोगों के निर्माण तोड़ने की कार्रवाई अमल में लाते हैं। 'भूमाफिया' खुलकर अपने काम को अंजाम दे रहा है। प्रभावशाली लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। डीटीपी का तर्क था कि विभाग की ओर से बिना किसी भेदभाव के अवैध निर्माण करने वाले लोगों पर एक्शन लिया जा रहा है।

### रजिस्ट्रियों को लेकर चल रहा खेल

इस समय कंट्रोल्ड एरिया में जमीनों की रजिस्ट्रियों का मामला भी गरमाया हुआ है। सूत्रों के अनुसार बावल एरिया में सेक्शन 7ए लागू होने के बाद जमीनों की रजिस्ट्रियां कराने के लिए नए तरीके अपनाए जा रहे हैं। नियमानुसार एक एकड़ से कम जमीन की रजिस्ट्री कराने के लिए डीटीपी की एनओसी लेना अनिवार्य होता है। ब्लड रिलेशन में नहीं होने के बावजूद कई लोगों को मिलाकर एक एकड़ या इससे अधिक जमीन की रजिस्ट्रियां हो रही हैं। इस मामले की जांच में बड़ा रजिस्ट्री घोटाला उजागर हो सकता है।

## नशीला पदार्थ गांजा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार


रेवाड़ी। नशीला पदार्थ बेचने का आरोपी पुलिस टीम के साथ।

**रेवाड़ी।** थाना रामपुरा पुलिस ने कुतुबपुर एरिया में नशीला पदार्थ गांजा बेचने के आरोप में एक व्यक्ति को नशीले पदार्थ सहित गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि डाबड़ी निवासी प्रिंस नशीला पदार्थ बेचने का धंधा करता है। वह नशीला पदार्थ बेचने के लिए ग्राहक के इंतजार में खड़ा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। वहां खड़े एक युवक ने पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास किया। पीछा करते हुए पुलिस ने उसे काबू कर लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम डाबड़ी निवासी प्रिंस बताया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में उसकी तलाशी ली, तो उसके पास से 157 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही काबू करने के बाद केस दर्ज कर लिया। आरोपी को पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

## लिंक भेजकर 3.86 की ठगी में चौथा आरोपी गिरफ्तार

- पुलिस इस मामले में तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस ने मोबाइल फोन पर लिंक भेजकर एक युवती से लगभग 3.86 लाख की साइबर ठगी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस इस मामले में तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। शहबाजपुर खालसा निवासी एक युवती ने अपनी शिकायत में बताया था कि वह गुरुग्राम की एक कंपनी में कार्यरत है। उसके मोबाइल फोन पर गत 2 जनवरी को एक लिंक आया था। उसने लिंक पर क्लिक किया तो उसके बैंक खाते से 386078 रुपये कट गए। यह राशि 2 से 3 जनवरी के बीच विभिन्न ट्रांजेक्शन के जरिए दूसरे खातों में ट्रांसफर हुई थी। पुलिस ने ठगी का मामला दर्ज करके मामले में संलिप्त तीन आरोपी यूपी के जिला जालौन के गांव मंडोरी हाल आबाद मोहल्ला दलालनपुरा जालौन निवासी विकास सिहोटे, यूपी के जिला झांसी के मोहल्ला वीरूनगर राजगढ़ निवासी दीपक व यूपी के जिला प्रयागराज के गांव उपाध्याय पुरा रामनगर निवासी रोहित द्विवेदी को पहले ही काबू कर लिया था।



रेवाड़ी। साइबर ठगी का आरोपी पुलिस टीम के साथ। फोटो : हरिभूमि

### यूपी से गिरफ्तार किया आरोपी

इस मामले में पुलिस ने एक और आरोपी यूपी के जिला प्रयागराज के गांव कोना भातौती निवासी मानस पांडेय को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने रोहित द्विवेदी का बैंक खाता साइबर ठगों को उपलब्ध कराने के लिए मध्यस्थ की भूमिका अदा की थी। पुलिस ने आरोपी को पेश अदालत करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस मामले में अन्य आरोपियों की भी तलाश की जा रही है।

## खेत में निकाली हुई हजारों रुपये की फसल चोरी


रेवाड़ी। किसान के खेत में चोरी की जांच करते हुए कसोला पुलिस। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी


पीड़ित किसान संदीप

कसोला में एक किसान के खेत से चोर थ्रेसर से निकाली हुई सरसों की फसल चोरी कर ले गए। सूचना मिलने के बाद कसोला थाना पुलिस ने मौका मुआयना करते हुए चोरी की जांच शुरू कर दी। पुलिस शिकायत में कसोला निवासी संदीप ने बताया कि उनके खेत में 2 एकड़ जमीन पर सरसों की फसल उगाई गई थी। फसल कटाई करने के बाद रात को उसे थ्रेसर से निकलवाया था। परिवार के सदस्य फसल निकलवाने के बाद उसके पास ही सोए हुए थे। रात को अज्ञात व्यक्ति उसकी फसल चोरी कर ले गए। जब परिवार के सदस्य सुबह उठे तो सरसों गायब मिली। उसकी शिकायत पर कसोला पुलिस ने खेतों में जाकर घटनास्थल का मुआयना किया। चोरी का केस जर्द करने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी। सीसीटीवी कैमरों की मदद से पुलिस चोरों का पता लगाने के प्रयास कर रही है।

### सीजन के साथ चोर सक्रिय

फसल कटाई के सीजन में हर साल चोर एक्टिव हो जाते हैं। जैसे ही किसान फसल निकालना शुरू करते हैं, चोर अपने मंसूबों को अंजाम देने लगते हैं। बीते साल भी कई किसानों के खेतों से सरसों चोरी होने की घटनाएं हुई थीं। इस बार फिर से चोर एक्टिव होने शुरू हो गए हैं।

*इस सप्ताह मौसम साफ होने की संभावना कम, बारिश के साथ ओलावृष्टि की भी आशंका*

# मौसम में बदलाव से बढ़ी किसानों की चिंता

- मौसम विभाग के अनुसार तीन चार दिन तक पश्चिमी विक्षोभ का असर बरकरार रह सकता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

मौसम में बदलाव के चलते तापमान गिरने से हल्की ठंड ने एक बार फिर से वापसी कर ली है। बदलता मौसम किसानों के लिए परेशानी पैदा कर रहा है। बारिश या ओलावृष्टि की आशंका को देखते हुए किसानों ने फसल कटाई का कार्य तेज कर दिया है। इस सप्ताह मौसम साफ होने की संभावना कम है। अगले दो-तीन दिनों तक आसमान में बादल और तेज हवाओं के बीच हल्की बारिश हो सकती है। ओलावृष्टि से भी इनकार नहीं किया जा रहा है। मंगलवार को सुबह के समय आंशिक बादल छाए रहे, जो दोपहर तक पूरी तरह साफ हो गए। दिन में 11 से 15 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलती रहीं। तीन दिन पूर्व कुछ इलाकों में ओलावृष्टि ने तापमान में गिरावट लाने का कार्य कर दिया। मंगलवार को अधिकतम तापमान 2.5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के साथ 30.5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। गत 25 फरवरी के बाद पहली बार तापमान इस स्तर पर आया है। इससे पूर्व बढ़े हुए तापमान के कारण लोगों को गर्मी का सामना करना पड़ रहा था। न्यूनतम तापमान भी 1.5 डिग्री की कमी के साथ 13.2 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। इससे रात और सुबह के समय मौसम ठंडा बना रहा। एक तरह से हल्की ठंड ने फिर से वापसी कर ली है।


रेवाड़ी। एक खेत में कटी हुई फसल एकत्रित करते हुए किसान। फोटो : हरिभूमि

### किसानों को नहीं मिल रहे मजदूर

मौसम बदलते ही किसानों ने सरसों की कटाई का कार्य तेज कर दिया है। अप्रवासी श्रमिकों की कमी के कारण किसानों को मजदूर नहीं मिल रहे, जिससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सरसों की फसल पककर तैयार खड़ी है। इस समय अगर ओलावृष्टि होती है, तो इससे फसल झड़कर जमीन पर गिर जाएगी। किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में किसान जल्द से जल्द सरसों काटने में लगे हुए हैं।

### गेहूं के लिए अनकुल मना मौसम

बीते सप्ताह बढ़ते तापमान ने गेहूं की फसल पर संकट के बादल खड़े कर दिए थे। गेहूं पर बढ़े हुए तापमान के कारण दीमक का हमला होना शुरू हो गया था। खेतों में फसल सूखनी शुरू हो गई थी। अब तापमान गिरने से गेहूं की फसल को अच्छा फायदा मिल रहा है। तापमान में कमी गेहूं के अच्छे पकाव में सहायक साबित होगी। अगर ओलावृष्टि या तेज हवाओं के साथ बारिश होती है, तो उससे गेहूं की फसल को भी नुकसान हो सकता है।

### तापमान में कमी बनी रहेगी

मौसम विभाग के अनुसार तीन-चार दिन तक पश्चिमी विक्षोभ का असर बरकरार रह सकता है। इस दौरान आसमान में बादल छाने के साथ-साथ आंधी या तेज हवाओं के साथ बारिश हो सकती है। खासकर 19 व 20 मार्च को बारिश के आसार नजर आ रहे हैं। इस दौरान ओलावृष्टि भी हो सकती है। आने वाले कुछ दिनों तक तापमान में कमी बनी रहेगी, जिससे गर्मी से राहत मिलेगी।

### कार की चपेट में आकर महिला की मौत

**रेवाड़ी।** रोहतक नेशनल हाइवे पर रोहड़ाई मोड़ के पास सड़क पार करते समय कार की चपेट में आकर एक महिला की मौत हो गई। चालक कार सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद कार चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए। जाटूसाना निवासी लगभग 56 वर्षीय लालीदेवी अपनी पुत्रवधु पिंकी के साथ किसी काम से रोहड़ाई गई थी। रोहड़ाई मोड़ पर सड़क पार करते समय एक तेज रफ्तार कार ने लालीदेवी को टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद वह सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गई। आसपास के लोगों की मदद से पिंकी ने अपनी सास को अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतका के बेटे ओमप्रकाश के बयान पर केस दर्ज करने के बाद कार चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।



# द ग्रेट ग्रांड... का टीजर जारी, नए किरदार में नजर आए जैकी

**मुंबई।** जैकी श्रॉफ की अदाकारी वाली अपकमिंग फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो- एलियंस का आगमन' का टीजर रिलीज हो गया है। इसमें जैकी श्रॉफ सुपरहीरो के किरदार में नजर आए हैं। टीजर दर्शकों को बचपन के जादू और कल्पना की दुनिया में ले जाता है। एक मिनट सात केकंड के टीजर में दिखाया गया है कि एक बच्चा है जो स्कूल में पढ़ता है। उसे कुछ महीनों में स्कूल बदलना पड़ता है। वह यह बात किसी को नहीं बताता है। अगर किसी को यह बात पता चल गई, तो पृथ्वी पर हमला हो सकता है। इसकी वजह यह है कि उसके दादा खास हैं। उनके पास सुपरपावर है। टीजर के आखिर में नजर आता है कि लड़के के दादा का किरदार जैकी श्रॉफ ने किया है।

लाइफ Style



# तमन्ना
## गफूर सॉन्ग पर किया जबरदस्त डांस

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आर्यन खान की फिल्म 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड'के गाने 'गफूर' ने रिलीज के बाद से ही काफी सुर्खियां बटोरी थीं। जिसकी वजह है इस गाने में तमन्ना भाटिया का बोल्ड डांस। सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है, जिसमें तमन्ना फिर से 'गफूर' गाने पर डांस करती नजर आ रही हैं।

तमन्ना भाटिया का यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में तमन्ना ने गुलाबी चमचमाती ड्रेस पहनी हुई है। यह किसी कार्यक्रम के दौरान का वीडियो लग रहा है, क्योंकि तमन्ना स्टेज पर डांस कर रही हैं और उनके पीछे कई जूनियर आर्टिस्ट भी उनके साथ ताल में ताल मिलाते नजर आ रही हैं। तमन्ना का 'गफूर' गाने पर यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। जिस पर यूजर्स लगातार अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कुछ तमन्ना के इस डांस को पसंद कर रहे हैं, तो कुछ यूजर्स उन्हें ट्रोल भी कर रहे हैं।कई यूजर्स ने लिखा- 'किस किस को ये बिल्कुल पसंद नहीं है'। 'इस गाने पर किस किस को फरहाना भट्ट का डांस याद आया'। मेरी पसंदीदा एक्ट्रेस। वाह वाह वाह क्या डांस किया है। कितनी खूबसूरत, तो वहीं कई फैंस ने तमन्ना के इस वीडियो पर फायर और लाल दिल वाले इमोजी भी बनाएं हैं। फिल्म 'वीवनः फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' में तमन्ना भाटिया नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ सिद्धार्थ मलहोत्रा भी मुख्य भूमिका में होंगे। इस हॉरर फिल्म की कहानी पुराने जंगलों पर आधारित है। इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है।

हॉलीवुड मसाला



# ड्यून-3 की मिली पहली झलक

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्म 'ड्यून'के दोनों पार्ट्स ने अच्छा-खासा कलेक्शन बॉक्स ऑफिस पर किया था। इस फ्रैंचाइज की तीसरी कड़ी का इंतजार दर्शकों को काफी समय से है। मेकर्स ने मंगलवार को फिल्म के कैरेक्टर्स से जुड़े कई फर्स्ट लुक शेयर किए हैं। इस फर्स्ट लुक में कई चर्चित किरदार नजर आए, जिन्हें नामी हॉलीवुड एक्टर्स ने निभाया है। मेकर्स ने एक्टर टिमोथी चालमेट से लेकर रॉबर्ट पैटिंसन के अलावा कई एक्टर्स के लुक शेयर किए हैं।



# ऑस्कर में पहुंचने से पहले बाल-बाल बचे निक-प्रियंका

**लॉस एंजिल्स।** ग्लोबल पॉवर कपल निक जोनस और प्रियंका चोपड़ा ने ऑस्कर अवॉर्ड सेरेमनी में भाग लेकर एक बार फिर फैंस की धड़कनें बढ़ा दीं। मगर इस आइकॉनिक मूमेंट के होने से ठीक पहले दोनों एक हादसे के शिकार होने से बचे। 98वें ऑस्कर अवॉर्ड में प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस भी हिस्सा लेने पहुंचे थे। रेड कार्पेट पर जाने के लिए कपल काफी लेट था। ऐसे में दोनों को मेन गेट से अंदर तक जाने के लिए एक गोल्फ कार्ट तैयार थी। निक और प्रिंयका उसमें बैठे और जैसे ही ड्राइवर कार्ट को मोढ़ा तो उसका बैलेंस बिगड़ गया। इस दौरान गोल्फ कार्ट का एक पहिया जमीन से हवा में उठ गया। ऐसे में बैलेंस बनाने के लिए तुरंत निक और प्रियंका ने कार्ट को जोर से पकड़ा। ड्राइवर ने भी कुछ ही सेकेंड में कार्ट पर काबू पा लिया और हादसा टल गया।



# फैमिली संग बर्थडे मनाकर मुंबई लौटीं आलिया

**मुंबई।** अभिनेत्री आलिया भट्ट ने अपने 33वें जन्मदिन का जश्न विदेश में मनाया। वे परिवार के साथ हांगकांग पहुंचीं। मंगलवार को जब वे मुंबई आईं तो हमेशा की तरह पैप्स ने उन्हें घेर लिया। इस दौरान रणबीर ने एक मजेदार सवाल किया। इस खूबसूरत जोड़ी को साथ देख हमेशा की तरह पैपराजी उन्हें कैमरे में कैद करने दौड़ पड़े। इस दौरान रणबीर कपूर ने मजेदार अंदाज में पैप्स से सवाल किया। रणबीर कपूर अपनी पत्नी आलिया का जन्मदिन सेलिब्रेट कर मुंबई लौट आए हैं। कपल को साथ देख पैपराजी भी वहां जुट गए और आलिया को जन्मदिन की बधाई देने लगे। इस दौरान रणबीर ने पैप्स से सवाल किया, 'केक नहीं लाए?' 'केक किधर है'? रणबीर के इस सवाल पर आलिया भी मुस्कुरा उठीं। साथ ही पैपराजी भी हंसने लगे।



# तुम चांद देख लेना का टीजर रिलीज...

**मुंबई।** सलमान खान की आगामी फिल्म का नाम हाल ही में 'मातृभूमिः में वॉर रेस्ट इन पीस' बताया गया है। पहले इस फिल्म का नाम 'बैटल ऑफ गलवां' रखा गया था। मंगलवार को फिल्म का एक रोमांटिक गाना 'तुम चांद देख लेना' का टीजर जारी किया गया है। जिसमें सलमान और चित्रांगदा नजर आ रहे हैं। इस गाने में सलमान खान और चित्रांगदा सिंह के बीच एक ऐसे रोमांटिक पहलू को दिखाया गया है, जो इस फिल्म में इन दोनों की रोमांटिक प्रेम कहानी को बयां करता है। इस गाने में चित्रांगदा गुलाबी ड्रेस में सजी-धजी, सलमान का इंतजार करती हुई दिखाई दे रही हैं, जबकि सलमान खान पास ही में उनके सामने इस गाने पर डांस करते नजर आ रहे हैं, जिसके बैकग्राउंड में चमकता हुआ चांद दिखाई दे रहा है।

टीवी मसाला



# '24' सीजन 3 में अनिल फिर बनेंगे आईटीयू चीफ

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर अनिल कपूर जहां एक ओर 'सूबेदार' में अपने एंग्री ओल्ड मैन वाले अंदाज को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं, वहीं, उन्होंने एक्स पर कंफर्म किया है कि 10 साल बाद वह एक बार फिर से '24' सीजन 3 में जय सिंह राठौड़ बनकर लौट रहे हैं। एक फैन के 'सूबेदार' से जुड़े पोस्ट पर उन्होंने यह पुष्टि की है। 24, इसी नाम की अमेरिकी सीरीज का देसी रीमेक है, जिसका पहला सीजन 2013 में और फिर दूसरा सीजन 2016 में ऑन-एयर हुआ था। शो में अनिल कपूर का किरदार जय सिंह राठौड़, आईटीयू का चीफ है, जो अपने परिवार और देश को एक आतंकवादी हमलों से बचाने के लिए समय के विरुद्ध लड़ाई लड़ता है। दोनों सीजन में जय के पास केस को सुलझाने और दुश्मनों को पकड़ने के लिए 24 घंटे का वक्त रहता है। सीजन-3 की कहानी भी इसी तरह के प्लॉट पर आगे बढ़ेगी। अभिनय देव के डायरेक्शन में बनी इस सीरीज में साक्षी तंवर ने जय की बॉस मल्लिका सेन, सुरवीन चावला ने उनकी प्रेमिका माया और सिकंदर खेर ने हारून शेरचान की भूमिका निभाई थी। नील भूपालम ने आदित्य सिंघानिया का किरदार निभाया, जो देश के प्रधानमंत्री का था। हालांकि, अभी यह कंफर्म नहीं है कि सीजन-3 में इनमें से कितने किरदार पर्दे पर वापसी करेंगे। '24' सीजन 2 की कहानी में जय, एक आतंकवादी मास्टरमाइंड रोशन शेरचन (आशीष विद्यार्थी) और उसकी साथी शिवानी मलिक (साक्षी तंवर) को गिरफ्तार करवा लेता है।

## दुल्हन बनीं कृतिका को देख रो पड़े गौरव


**नई दिल्ली।** कृतिका कामरा और गौरव कपूर की शादी का बेहद प्यारा वीडियो सामने आया है, जो चर्चा में है। कृतिका ने जब दुल्हन बन साड़ी में पापा संग एंट्री की, तो गौरव रो पड़े। उन्हें देख कृतिका हैरान रह गईं। वीडियो में कृतिका और गौरव की शादी की रस्मों और वरमाला की भी झलक है। शादी के बाद जहां कृतिका और गौरव ने तस्वीरें शेयर कर फैंस का दिल जीता, वहीं पपाराजी को मिठाइयां भी बांटी थीं। सोशल मीडिया अभी भी कृतिका कामरा और गौरव कपूर की शादी की तस्वीरों-वीडियो से पटा पड़ा है। इसी बीच न्यूली वेड कपल ने शादी का बेहद प्यारा और इमोशनल वीडियो सामने आया है। इसमें गौरव कपूर दुल्हन बनीं कृतिका को देख रोते नजर आए। शेयर किए गए वेडिंग वीडियो में उन खास पलों और रस्मों की झलक दिखाई गई है, जो कृतिका कामरा और गौरव कपूर की शादी में हुईं।



# सरके चुनर तेरी गाने ने अश्लीलता की हदें पार की, बॉलीवुड पर लगे लगाम : कंगना

**मुंबई।** नोरा फतेही और संजय दत्त स्टारर फिल्म 'केडीः द डेविल' का गाना 'सरके चुनर तेरी सरके' रिलीज के बाद अपने आपत्तिजनक बोल और कोरियोग्राफी के कारण विवादों में घिर गया है। इस गाने के सेंसर बोर्ड से पास होने को लेकर भी विवाद है। अब अभिनेत्री और राजनेता कंगना रनौत ने भी इस गाने की कड़ी आलोचना करते हुए बॉलीवुड पर 'अश्लीलता' की हदें पार करने का आरोप लगाया है। कंगना ने कहा, 'बॉलीवुड ने अश्लीलता, हथकंडों और ध्यान आकर्षित करने के मामले में सारी हदें पार कर दी हैं। पूरा देश उनकी निंदा और आलोचना कर रहा है। लेकिन, मुझे नहीं लगता कि उन्हें कोई शर्म है। इस तरह की अश्लीलता और अभद्रता के प्रदर्शन पर और भी सख्ती बरतने की जरूरत है। मुझे लगता है कि बॉलीवुड पर कड़ी लगाम लगानी होगी। कंगना से पहले भी कई लोगों ने इस गाने के बोलों पर आपत्ति जताई है।





गायक अरमान मलिक ने भी गाने के बोल सुनकर हैरानी जताई। अपने एक्स अकाउंट पर उन्होंने कहा कि बोल सुनकर उन्हें वीडियो दोबारा देखना पड़ा, क्योंकि उन्हें यकीन नहीं हो रहा था कि उन्होंने क्या सुना है। कमर्शियल गानों में लिरिक्स का स्तर नए निचले स्तर पर पहुंच गया है। इस हद तक गिरते देखकर दुख होता है। 'सरके चुनर तेरी सरके' आगामी पैन इंडिया कन्नड़ फिल्म 'केडीः द डेविल' का हिस्सा है, जिसका निर्देशन प्रेम ने किया है। गीत की शुरुआती पंक्तियां दोहरे अर्थों वाली हैं, जिनमें यौन संबंध का काफी विस्तृत वर्णन किया गया है।

# आयुष्मान ने गाया साड्डी गली का नया वर्जन...

**मुंबई।** एक्टर-सिंगर आयुष्मान खुराना ने पुरानी यादों को ताजा करते हुए अपने मशहूर गाने 'साड्डी गली' का एक नया वर्जन रिलीज किया है। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर आयुष्मान ने अपना एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह गिटार बजाते हुए इस नए वर्जन को गाते हुए नजर आ रहे हैं। इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए आयुष्मान ने लिखा 'पिछले कुछ दिनों से मैं देख रहा हूं कि आप में से बहुत से लोग मेरे म्यूजिक पर वीडियो बना रहे हैं और सोशल मीडिया पर अपनी यादें शेयर कर रहे हैं। इससे मुझे भी पुरानी बातें याद आ गईं, इसलिए मैंने 'साड्डी गली' का एक ऐसा अनसुना वर्जन शेयर करने का फैसला किया, जो ओरिजिनल गाने में शामिल नहीं हो पाया था।' एक्टर ने फैंस को यह भी हिंट दी कि इस साल वह और भी म्यूजिकल पीस लेकर आएंगे। उन्होंने कहा 'इस साल मैं और भी गाने गाऊंगा।' आयुष्मान का यह वीडियो वायरल हो गया है। वीडियो देखकर कई फैंस खुश हुए और इसकी तारीफ की। आयुष्मान खुराना के गाने उनके फैंस के लिए पहली



पसंद रहे हैं। उनकी फिल्म 'विकी डोनर' के गाने 'पानी दा रंग' को दर्शकों ने खूब पसंद किया। उन्होंने 'मिट्टी दी खुशबू', 'इक वारी', 'साड्डी गली' और ऐसे ही कई और गाने गाए हैं। आयुष्मान जल्द ही 'पति पत्नी और वो दो' में नजर आएंगे। यह फिल्म 15 मई, 2026 को रिलीज होगी। आने वाली फिल्म में आयुष्मान खुराना, सारा अली खान, रकुल प्रीत सिंह और वामिका गब्बी लीड रोल में हैं। इसके निर्देशक मुदस्सर अजीज हैं।

## पीकी ब्लाइंडर्सः द इम्मोर्टल मैन में दिखाई गई है बदले की कहानी

# इस हफ्ते ओटीटी पर रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। इन दिनों सिनेमाघरों में कोई ऐसी बड़ी फिल्म नहीं है, जो दर्शकों को अपनी तरफ बुला सके। 19 मार्च को 'धुरंधर 2' बड़े पर्दे पर दस्तक देने वाली है। इस बीच इस हफ्ते कई फिल्में और सीरीज ओटीटी पर रिलीज होने वाली हैं।*



**चिरैया** : दिव्या दत्ता और संजय मिश्रा की अदाकारी वाली वेब सीरीज 'चिरैया' 20 मार्च को जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने के लिए तैयार है। दर्शकों को इसका ट्रेलर पसंद आया है। इसमें शादी और रजामंदी का मुद्दा उठाया गया है। इसमें टीनू आनंद, प्रसन्ना विष्ट, सिद्धार्थ शॉ, फैसल राशिद और सरिता जोशी जैसे कलाकार हैं।

**जैज सिटी** : टीवी सीरीज 'जैज सिटी' 19 मार्च को सोनी लिव पर दस्तक देगी। पॉलिटिकल थ्रिलर सीरीज बांग्लादेश मुक्ति युद्ध के दौरान, 1971 के कलकत्ता की पृष्ठभूमि पर आधारित है। इसके निर्देशक, लेखक और निर्माता सौमिक सेन हैं। इसमें सौरासेनी मैत्रा, शांतनु घटक, अनिरुद्ध गुप्ता और एलेक्जेंड्रा टेलर अहम भूमिकाओं में हैं।

**कासरगोड एंबेसी** : मलयालम वेब सीरीज 'कासरगोड एंबेसी' 20 मार्च से जी5 मलयालम पर स्ट्रीम होगी। सात एपिसोड वाली इस सीरीज में नकली पासपोर्ट बनाने वालों के रैकेट के बारे में दिखाया गया है। इसमें अबू सलीम, गोविंद पाई, कबीर दुहान, रॉनी डेविड और दीपक परमबोल जैसे कलाकार हैं। इसके निर्देशक आतिश एम नायर हैं।

**फ्यूरीज सीजन 2** : वेब सीरीज 'फ्यूरीज सीजन 2' 18 मार्च को नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी। इसमें मुख्य कलाकार पेरिस में एक दमनकारी शासन से टकराएंगे। इसमें लीना अल अरबी, मरीना फोइस अहम किरदारों में होंगे। सीरीज का पहला सीजन नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।

**डेडलॉक** : वेब सीरीज 'डेडलॉक' का दूसरा सीजन 20 मार्च 2026 को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगा। इसमें छह एपिसोड होंगे। यह जासूसी सीरीज है। इसमें केट बॉक्स, मैडलीन सामी, नीना ओयामा, और एलिसिया गार्डिनर अहम किरदारों में हैं।

**पीकी ब्लाइंडर्सः द इम्मोर्टल मैन** : 'पीकी ब्लाइंडर्सः द इम्मोर्टल मैन' एक ब्रिटिश फिल्म है। इसमें बदले की कहानी दिखाई गई है। यह 20 मार्च को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इसके निर्देशक टॉम हारपर हैं। इसमें किलियन मर्फी, रेबेका फर्ग्यूसन, टिम रोथ, स्टीफेन ग्राहम, और सोफी रंडल अहम किरदारों में होंगे।

## द राइज ऑफ द रेड हॉट चिली पेपर्सः अवर ब्रॉदर, हिलेल

93 मिनट की यह डॉक्यूमेंट्री रेड हॉट चिली पेपर्स के शुरुआती वर्षों और मूल गिटारिस्ट हिलेल स्लोवाक के प्रभाव को दर्शाती है। उनकी 1988 में ड्रग की ओवरडोज से मृत्यु हो गई थी। यह 20 मार्च को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

*इंपरफेक्ट वुमन : 'इंपरफेक्ट वुमन' साइकोलोजिकल थ्रिलर टीवी सीरीज है, जो 18 मार्च को एप्पल टीवी पर स्ट्रीम होगी। इसमें दिखाया गया है कि एक अपराध का वर्षों पुरानी दोस्ती पर असर पड़ता है। यह सीरीज अरामिंटा हॉल के नॉवेल 'इंपरफेक्ट वुमन' पर आधारित है। इसमें एलिजाबेथ मॉस, केरी वॉशिंगटन, केट मारा, जोएल किन्नामन और कोरी स्टॉल अहम किरदारों में होंगी।*

*रेडियोएक्टिव इमरजेंसी : 'रेडियोएक्टिव इमरजेंसी' एक ब्राजीलियन डॉक्यूड्रामा सीरीज है। यह 18 मार्च को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने के लिए तैयार है। यह 1987 में ब्राजील में हुई रेडियोधर्मी दुर्घटना का नाटकीय रूपांतरण है। इसमें जॉनी मासारो, पाउलो गोर्गुल्हो, तुका एंड्राडा और एंटोनियो सबोइया अहम किरदारों में हैं।*

*अमोर एनिमल : वेब सीरीज 'अमोर एनिमल' एक अर्जेंटीनाई रोमांटिक ड्रामा सीरीज है। यह 20 मार्च को अमेजन प्राइम वीडियो पर आएगी। इसमें एक गरीब आर्टिस्ट और एक अमीर लड़की की कहानी दिखाई गई है। इसमें तात्याना गिलकमैन, फ्रैंको मासिनी, सैंटियागो अचागा, वैलेंटिना जेनेरे और ओलिविया नस जैसे कलाकार हैं।*

## खबर संक्षेप

### शराब ठेके पर लूटपाट करने वाला गिरफ्तार

**महेंद्रगढ़।** सीआईए टीम ने पुलिस थाना सदर कनीना के अंतर्गत गांव गुढ़ा में एक शराब के ठेके पर हथियार के बल पर बंधक बनाकर की गई लूटपाट की वारदात को सुलझाने में कामयाबी हासिल की है। इस मामले में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपित सोमबीर निवासी सिवाना, थाना बेरी जिला झज्जर को गिरफ्तार किया है।

### बालाजी मंदिर में भंडारा दो को

**कनीना।** हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में चैत्र पूर्णिमा के दिन दो अप्रैल को पहाड़ी वाले बालाजी मंदिर लहरोदा में भंडारे का आयोजन किया जाएगा। निरंजनी अखाड़ा गादी मढी के महंत पवन गिरी ने बताया कि इससे पूर्व एक अप्रैल को सुबह सात बजे रामायण पाठ होगा व दो अप्रैल को सुबह सवा आठ बजे हवन होगा। इसके बाद सवा 11 बजे भंडारा प्रारंभ होगा। उन्होंने बताया कि पहाड़ी पर स्थित बालाजी मंदिर के प्रति श्रद्धालुओं की आगध आस्था है। मंगलवार व शनिवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचते हैं।

### युवाओं को किया नशे के खिलाफ जागरूक

**नारनौल।** पुलिस की ओर से चलाए जा रहे डोर टू डोर नशा मुक्त अभियान के तहत गठित टीम ने थाना शहर के अंतर्गत आने वाले मोहल्ला माली टिब्बा का दौरा किया। इस दौरान टीम ने लोगों के साथ सीधा संवाद स्थापित कर नशे के विनाशकारी दुष्प्रभावों पर गहन चर्चा की। युवा वर्ग को नशे की दलदल से दूर रहने के लिए प्रेरित किया और विस्तार से समझाया कि किस प्रकार नशा न केवल स्वास्थ्य, बल्कि सामाजिक और आर्थिक जीवन को भी बर्बाद कर देता है।

### कांवी के सचिन ने प्राप्त की पीएचडी की उपाधि

**नारनौल।** गांव कांवी के एक मध्यमवर्गीय परिवार के सचिन ने अपनी मेहनत से देश के प्रतिष्ठित दिल्ली विश्वविद्यालय से बायो मेडिकल विषय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर परिवार व पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। सचिन के पिता मनोज कुमार हरियाणा कृषि विभाग में चालक के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि सचिन की शैक्षिक यात्रा राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल नारनौल से शुरू होकर दिल्ली यूनिवर्सिटी व इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी रेवाड़ी तक पहुंची।

### अब आम आदमी भी सीख सकेगा मशीनों का हुनर

**नारनौल।** सरकारी आईटीआई अब केवल छात्रों तक सीमित नहीं रहेंगे। हरियाणा सरकार के बजट के वादे को पूरा करते हुए आईटीआई के दरवाजे अब आम जनता के लिए भी खोल दिए गए हैं। एक नए ऑनलाइन पोर्टल के जरिए स्थानीय नागरिक संस्थान की आधुनिक मशीनों और लाइब्रेरी का लाभ उठा सकेंगे। आईटीआई प्राचार्य विनोद खनगवाल ने बताया कि इस योजना का लक्ष्य सरकारी संसाधनों का पूरा लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचाना है।

## रेवाड़ी जिला कोर्ट परिसर में बम की सूचना पर मॉक ड्रिल का आयोजन

### पुलिस, बम स्क्वायड, डॉग स्क्वायड मौके पर पहुंचे

# पूरे कोर्ट परिसर को खाली कर प्रवेश द्वार किया सील

- मॉक ड्रिल का उद्देश्य प्रतिक्रिया समय जांचना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी






सुरक्षा एजेंसियों ने परखी अपनी मुस्तैदी- मॉक ड्रिल से रेवाड़ी पुलिस द्वारा बम-ब्लास्ट होने की सूचना पर परखी गई तैयारी एवं तत्परतारेवाड़ी पुलिस द्वारा आज जिला कोर्ट परिसर, रेवाड़ी में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए एक व्यापक मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया।

यह अभ्यास डीएसपी हेडक्वार्टर डॉ रविंद्र सिंह व एसडीएम रेवाड़ी सरेश कुमार की देखरेख में संपन्न हुआ। थाना माडल टाऊन पुलिस को कंट्रोल रूम के माध्यम से एक सूचना कोर्ट परिसर रेवाड़ी में बम-ब्लास्ट होने की मिली थी, सूचना की संवेदनशीलता को देखते हुए, डीएसपी हेडक्वार्टर डॉ रविंद्र सिंह ने तुरंत मोर्चा संभाला और भारी पुलिस बल, बम डिस्पोजल टीम, डॉग स्क्वायड, SWAT एंटी सैबोटेज, फायर विभाग, एंबुलेंस, सिविल अथॉरिटीज, की टीमो के साथ मौके पर पहुँचे। सुरक्षा की दृष्टि से पूरे कोर्ट परिसर को खाली कराया गया और सभी प्रवेश द्वारों को सील कर दिया गया। उपरोक्त सम्बन्ध में कार्यवाही करने उपरान्त थाना माडल टाऊन पुलिस टीम सहित बम डिस्पोजल टीम, डॉग स्क्वायड, SWAT टीम, 02 पुलिस ERV, एंटी सैबोटेज टीम, फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस, सिविल अथॉरिटीज, की टीमों द्वारा कानून व्यवस्था व शांति व्यवस्था भी बनाई रखी गई, एवं डिब्रीफिंग भी आयोजित की गई।

मौके पर मौजूद डीएसपी हेडक्वार्टर डॉ रविंद्र सिंह ने बताया कि इस मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य आपातकालीन सेवाओं की प्रतिक्रिया समय (Response Time) और उनकी तैयारी का आकलन करना था। उन्होंने कहा की ₹सुरक्षा की दृष्टि से रेवाड़ी पुलिस पूरी तरह सतर्क है। इस तरह के अभ्यासों से न केवल सुरक्षा बलों का कौशल निखरता है, बल्कि विभिन्न विभागों के बीच समन्वय भी बेहतर होता है ताकि वास्तविक संकट के समय जान-माल के नुकसान को न्यूनतम किया जा सके।₹ इस मॉक ड्रिल के सफल समापन के बाद जिला प्रशासन और कोर्ट परिसर में मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति की सूचना तुरंत पुलिस को दें।इस मॉकड्रिल में " डीएसपी हेडक्वार्टर डॉ रविंद्र सिंह व एसडीएम रेवाड़ी श्री सरेश कुमार सहित रेवाड़ी पुलिस व जिला प्रशासन की विभिन्न टीमों के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।



## कर्मवीर बौद्ध के राज्यसभा सांसद बनने पर कांग्रेसियों में उत्साह: रेखा दहिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



कांग्रेस नेत्री रेखा दहिया।

- चुनाव में भाजपा नेताओं की एक नहीं चली

कांग्रेस की जिला उपाध्यक्ष रेखा दहिया ने कहा कि कर्मवीर बौद्ध को राज्यसभा सांसद बनने पर पार्टी कार्यकतार्ओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। इस चुनाव में कांग्रेसी विधायकों ने भाजपा की मंशा को पूरी तरह नाकाम साबित कर दिया। रेखा दहिया ने कहा कि भाजपा ने इस चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को हराने के लिए हर हथकंथे अपनाएं, लेकिन इस बार भाजपा नेताओं की एक नहीं चली। पार्टी के नेताओं और प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह की कुशल नीति के सामने भाजपा की सारी रणनीति फेल हो गई। उन्होंने कहा कि कर्मवीर बौद्ध को उम्मीदवार बनाना पार्टी के उस विजन को दशार्ता है, जहां धरातल पर काम करने वाले कार्यकतार्ओं को तरजीह दी जाती है। कर्मवीर बौद्ध कोई नाम नहीं, बल्कि आमजन के संघर्ष की आवाज हैं। वे हमेशा जनता के बीच रहने वाले और उनकी समस्याओं को जमीनी स्तर पर समझने वाले नेता हैं। शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें राज्यसभा भेजकर एक सच्चे कर्मठ कार्यकर्ता का सम्मान किया है। प्रदीप जोगी ने विश्वास जताया कि कर्मवीर बौद्ध के राज्यसभा में जाने से हरियाणा और विशेषकर आम वर्ग की आवाज को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि बौद्ध की जीत ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नए जोश और रक्त का संचार किया है, जो आने वाले समय में प्रदेश में पार्टी को मजबूती प्रदान करने वाला साबित होगा।

### गुरूग्राम डिपो ने किया बस संचालन फिर शुरू

## लिलोढ़ से गुरूग्राम बस शुरू करने पर विधायक का आभार जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली



एमएलए अनिल यादव।

- ग्रामीणों ने लंबे समय से की थी मांग

लिलोढ़ से सीधे गुरूग्राम तक रोडवेज बस सेवा शुरू कराने पर ग्रामीणों ने कोसली के विधायक अनिल यादव व जीएम रोडवेज का आभार व्यक्त किया है। इस बस सेवा को शुरू कराने के लिए ग्रामीण लंबे समय से मांग कर रहे थे। विधायक के प्रयासों से गुरूग्राम डिपो की ओर से बस सेवा शुरू की गई है, जिससे आसपास के ग्रामीणों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। सुधराना निवासी रामचंद्र दहिया, श्यालूसिंह सरपंच, कृष्णचंद, लिलोढ़ निवासी प्राचार्य जगपाल, सत्यप्रकाश, भगवान देव व दयाकिशन आदि ने बताया कि गुरूग्राम डिपो की एक बस लिलोढ़ से सीधे गुरूग्राम के लिए चलती थी। बाद में इस बस को बंद कर दिया गया। ग्रामीणों ने गुरूग्राम रोडवेज के जीएम से बस सेवा बहाल कराने की मांग की थी। इसके बाद कोसली के विधायक अनिल यादव से बस सेवा शुरू कराने का आग्रह किया। उनके प्रयासों से गुरूग्राम डिपो ने बस सेवा बहाल कर दी, जिससे आसपास के ग्रामीणों को काफी राहत मिली है। ग्रामीणों ने विधायक अनिल यादव व रोडवेज के गुरूग्राम जीएम का आभार जताया है।

### विद्यार्थियों और नौकरीपेशा को हुआ फायदा

ग्रामीणों ने बताया कि यह बस सुबह 6 बजे लिलोढ़ से चालकर सुधराना, कोसली, मलेशियावास व पटौदी के रास्ते गुरूग्राम जाती है। शाम के समय इसी रूट से बस की वापसी होती है। बस सेवा शुरू होने से आसपास के गांवों के विद्यार्थियों से लेकर नौकरीपेशा लोगों तक को काफी फायदा हुआ है। बस के अभाव में गुरूग्राम की ओर जाने वाले यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

## निराश्रित बच्चों को दी जा रही प्रति माह 2100 रुपये की वित्तीय सहायता

**रेवाड़ी।** डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि हरियाणा सरकार के सामाजिक न्याय एवं सहकारिता विभाग द्वारा 21 वर्ष तक की आयु के निराश्रित बच्चों को प्रतिमाह 2100 रुपए की वित्तीय सहायता दी प्रदान की जा रही है। डीसी ने बताया कि जिला में 21 वर्ष तक की आयु का बच्चा जो अपने माता-पिता की सहायता अथवा देखभाल से उनकी मृत्यु होने के कारण, अपने पिता के घर से पिछले 2 वर्ष की अवधि से अनुपस्थित होने के कारण अथवा माता-पिता के लंबी सजा, जोकि एक वर्ष से कम न हो या मानसिक व शारीरिक अक्षमता के कारण वंचित हो जाते हैं और जिनके माता-पिता, अभिभावक की सभी साधनों से वार्षिक आय दो लाख से अधिक नहीं है। वह बच्चा हरियाणा सरकार के सामाजिक न्याय एवं सहकारिता विभाग द्वारा दी जा रही वित्तीय सहायता का लाभ पात्र है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त विभाग द्वारा एक परिवार में दो बच्चों तक 2100 रुपए प्रति माह प्रति बच्चा पेंशन प्रदान की जा रही है।



डीसी अभिषेक मीणा।

### छात्राओं को उच्च प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए किया प्रेरित

## रीजनल सेंटर में छात्राओं को वितरित कीं पुस्तकें

- एनजीओ ने संसाधन उपलब्ध कराने का उद्देश्य बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर में चाइल्ड हेल्प फाउंडेशन एनजीओ की ओर से छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें वितरित की गई।

सेवानिवृत्त प्राचार्या एवं एनजीओ की कार्डिनेटर कृष्णा यादव ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही वह शस्त्र है जिससे हम अपने जीवन को बेहतर बना सकते हैं और समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि माता पिता के संस्कारों को अपनाते हुए छात्राएं उच्च स्तरीय प्रतिस्पधार्ओं की तैयारी करके अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकती हैं। एनजीओ के भूपेंद्र यादव ने कहा कि चाइल्ड हेल्प फाउंडेशन का उद्देश्य छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना है और उन्हें आवश्यक संसाधन प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि ये किताबें छात्राओं को काम्पिटिशन में सफलता प्राप्त करने में मदद करेंगी। निदेशक डा यशपाल शर्मा ने कहा कि चाइल्ड हेल्प फाउंडेशन का यह प्रयास छात्राओं के लिए बहुत ही लाभदायक होगा। डा अनिल कुमार ने एनजीओ का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डा अंजलि यादव, राकेश कुमार, अंजलि पांचाल, अजय पाल,बिन्दु यादव, मधु बाला, अंजू, सुशीला, निर्मला उपस्थित रहे।



कोसली। छात्राओं को प्रतियोगी पुस्तकें भेंट करती कार्डिनेटर कृष्णा यादव।

## स्वास्थ्य मंत्री ने कनीना बार एसोसिएशन को दिए 10 लाख



**कनीना।** अटेली विधायक एवं प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव की ओर से बार एसोसिएशन को 10 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान करने पर अधिवक्ताओं ने खुशी जताई है। बीते समय उनकी ओर से इस राशि की घोषणा की गई थी। जिसका चेक मंगलवार को एसडीएम कार्यालय के उप अधीक्षक अनिल यादव ने बार एसोसिएशन के प्रधान मंजीत यादव को सौंपा। उन्होंने कहा कि इस राशि का इस्तेमाल बार रूम व आधारभूत संरचना को मजबूत करने के लिए किया जाएगा। 10 लाख रुपये का चेक मिलने पर मंजीत यादव सहित अधिवक्ताओं ने मंत्री आरती सिंह राव का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह व उनकी पुत्री आरती सिंह के प्रयासों से देश प्रदेश में विकास की गंगा बह रही है। आमजन को घर द्वार के समीप बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए जिले के अस्पतालों में चिकित्सा उपकरणों को बढ़ाया जा रहा है।

## बाबा खेतानाथ पॉलिटेक्निक में डिप्लोमा के बाद करियर पर दिया व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। विद्यार्थियों को विशेष व्याख्यान देते हुए लेक्चरर। फोटो: हरिभूमि

बाबा खेतानाथ गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक, नारनौल में आज अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए "डिप्लोमा के बाद करियर अवसर" विषय पर एक महत्वपूर्ण विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर अनिल कुमार यादव ने विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

अपने संबोधन में अनिल कुमार यादव ने विद्यार्थियों को बताया कि डिप्लोमा के बाद सरकारी और निजी क्षेत्र में रोजगार के साथ-साथ उच्च शिक्षा, अप्रेंटिसशिप तथा स्वरोजगार के अनेक अवसर उपलब्ध हैं। उन्होंने छात्रों को अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार सही दिशा चुनने की सलाह दी तथा इंटरव्यू की तैयारी, स्किल डेवलपमेंट और इंडस्ट्री की मांग के अनुसार खुद को तैयार करने पर जोर दिया। इस अवसर पर संस्थान के प्रधानाचार्य इंजीनियर अनिल यादव ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में केवल डिग्री ही नहीं बल्कि व्यवहारिक ज्ञान और कौशल विकास भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर सीखते रहने, सकारात्मक सोच अपनाने और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। साथ ही उन्होंने विश्वास जताया कि संस्थान के विद्यार्थी भविष्य में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन करेंगे। इस कार्यक्रम में संस्थान के अंतिम वर्ष के सभी शाखाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने करियर से जुड़े विभिन्न सवालों के जवाब प्राप्त किए। व्याख्यान के अंत में विद्यार्थियों ने इसे बेहद उपयोगी और प्रेरणादायक बताया।

### अध्यक्ष बोले, यह एक वर्ष उनके लिए जिम्मेदारी, सीख व संगठन को मजबूत बनाने का रहा

### जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का कार्य

## डॉ. यतेंद्र राव के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण, जिला कार्यालय में लगाया भंडारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल।

भारतीय जनता पार्टी के ज़िला अध्यक्ष के रूप में डॉ. यतेंद्र राव के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मंगलवार जिला भाजपा कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि जिला कार्यालय पहुंचे। कार्यक्रम की शुरुआत हवन-यज्ञ से की गई। जिसमें पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने आहुति देकर संगठन की मजबूती, प्रदेश की उन्नति और देश की समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इसके पश्चात कार्यकर्ताओं व उपस्थित लोगों के लिए भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। डॉ. यतेंद्र राव ने इस अवसर पर संगठन के शीर्ष नेतृत्व, सभी पदाधिकारियों, देवतुल्य कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह एक वर्ष उनके लिए जिम्मेदारी, सीख और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय रखने और केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य किया गया।



नारनौल। हवन में आहूति डालते हुए जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव।

### राष्ट्र प्रथम–संगठन सर्वोपरि" की भावना के साथ संगठन मजबूत

इस अवसर पर डॉ. राव ने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा भाजपा हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली का विशेष रूप से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और प्रेरणा से संगठन को निरंतर नई ऊर्जा मिल रही है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं और जिले की सम्मानित जनता का धन्यवाद करते हुए कहा कि "राष्ट्र प्रथम – संगठन सर्वोपरि" की भावना के साथ संगठन को और अधिक मजबूत बनाने और जनसेवा का यह संकल्प आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता गोविंद भारद्वाज, दयाराम यादव, नारनौल मार्केट कमेटी चेयरमैन बाबूलाल व वाईस चेयरमैन सुरेश चौधरी, पूर्व चेयरमैन जेपी सैनी, अटेली चेयरमैन दिनेश यादव, मनोनीत पार्षद सवाई सिंह, नीलम कुमारी, परमेश्वर दयाल, धर्मेंद्र शर्मा, जगदीश पासी, मुकेश, सिकंदर सैनी, जिला महामंत्री किशन लाल सैनी, योगेश शास्त्री, युवा मोर्चा प्रभारी मनजीत, नरेंद्र यादव, राजेन्द्र लांबा, नरेंद्र झिमरिया, जिला उपाध्यक्ष शिवरतन, पूरण चंद, जोगेन्द्र, महिपाल यादव, वासुदेव, कोषाध्यक्ष पवनदेव, जिला मंत्री संदीप, सपना, मनीष गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि राहुल यादव, भारती सैनी, सरला यादव, सरोजबाला शर्मा, ममता, सरिता जांगड़ा, सरोज, सुरेश चंद, सुनील वर्मा, धरम चंद छाबड़ा, सैनी सभा प्रधान बिशन सैनी, रोहताश सैनी, कैलाश सैनी, ओम प्रकाश वाधवा, महेंद्र गौड़, विधायक प्रतिनिधि सोमेश यादव, गजेंद्र यादव, माडूराम सैनी, सतबीर गुर्जर, मनोज कुमार, सुरेश पटिकरा, मनजीत मंढ़ाना, धर्मेंद्र सरपंच, अजीत सलूनी, सुशील, मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार, कर्मवीर, संदीप, सुभाष, प्रमोद, अशोक लांबा, हेमंत चौबे, शुभम गुवानी, राजेश, कृष्ण, रमेश जांगड़ा, मनोज सोनी, मनोज गोयल व सैकड़ों अन्य कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### घर में घुसने का आरोपी पुलिस के हवाले

रेवाड़ी। मॉडल टाउन थाना क्षेत्र में एक मकान में बदनीयती से घुसने के आरोपी को लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। मॉडल टाउन के मकान में बदनीयती से एक व्यक्ति घुस गया। मकान मालिक और पड़ोस के लोगों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम राजस्थान के कुंडली निवासी रामगोपाल बताया। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने के बाद केस दर्ज कर लिया। मंगलवार को आरोपी को कोर्ट में पेश कर दिया गया।

### हुड़दंगबाजी करते दो आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। थाना मॉडल टाउन पुलिस ने शराब के नशे में हुड़दंगबाजी करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि पोसवाल चौक पर शराब ठेके पास दो लोग शराब के नशे में हुड़दंगबाजी करते हुए लोगों की शांति भंग कर रहे हैं।

### एनएसएस शिविर में छात्राओं ने किया श्रमदान

कोसली। डीएवी महिला महाविद्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। स्वयं सेवकों ने महाविद्यालय के प्रांगण में यज्ञशाला, मंच लाइब्रेरी के आस-पास सफाई अभियान चलाया। पेड़-पौधे लगाने व पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। एनएसएस अधिकारी विधाता ने छात्राओं के श्रमदान की सराहना की।

### चाय की दुकानों से लेकर ढाबों तक पर घरेलू गैस का यूज, पकड़े जाने के

# एजेंसियों पर हालात होने लगे सामान्य घरेलू गैस का दुरूपयोग बढ़ने लगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

लगभग 10 दिनों से कुकिंग गैस के लिए चल रही मारामारी अब खत्म होने लगी है। बुकिंग के लिए समय सीमा निर्धारित कराने के बाद अधिकांश ग्राहक अपने कोटे के सिलेंडर रिफिल करा चुके हैं, जिस कारण मंगलवार को अधिकांश गैस एजेंसियों पर ग्राहकों की भीड़ गायब रही। कमर्शियल सिलेंडरों की उपलब्धता के अभाव में घरेलू सिलेंडरों का दुरूपयोग बढ़ गया है। चाय की दुकानों से लेकर ढाबों तक पर इन सिलेंडरों का इस्तेमाल हो रहा है। पकड़े जाने से बचने के लिए घरेलू सिलेंडरों को प्लास्टिक बैग में डालकर इनका इस्तेमाल किया जा रहा है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीम लगातार गैस एजेंसियों के स्टॉक की चेकिंग में लगी हुई हैं, ताकि कालाबाजारी की संभावनाओं को खत्म किया जा सके।

अमेरिका-इजराइल व ईरान युद्ध के चलते गैस संकट की आशंका से लोगों में दस दिनों से सिलेंडर लेने के लिए मारामारी बनी हुई थी। पुलिस सुरक्षा के बीच सिलेंडरों का वितरण हो रहा था। इस दौरान कई एजेंसियों पर ग्राहकों ने हंगामा भी किया था। घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति ज्यादा प्रभावित नहीं हुई थी, परंतु 'पैनिक' के चलते ग्राहक अपने कोटे के सभी सिलेंडर भरवाने के लिए सुबह से ही कतारों में लग रहे थे। सरकार की ओर से गैस की किल्लत की आशंका को देखते हुए कमर्शियल सिलेंडरों का इस्तेमाल जहां सीमित कर दिया था, वहीं अब घरेलू गैस सिलेंडरों के वितरण की प्रक्रिया में भी बदलाव कर दिया गया है। नए गैस कनेक्शनों पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। शहरी क्षेत्र में सिलेंडर लेने के लिए 25 दिन और गांवों में 45 दिन की सीमा तय कर दी है। बड़ी संख्या में लोग अपने कोटे के सिलेंडर एडवांस में भरवा चुके हैं, जिस कारण अब गैस एजेंसियों से भीड़ नदारद होने लगी है। मंगलवार को बावल सहित एक-दो एजेंसियों को छोड़कर अन्य पर ग्राहकों की भीड़ नहीं रही। जो लोग रिफिलिंग के लिए पहुंचे, उन्हें आसानी से सिलेंडर उपलब्ध हो गए। एजेंसियों पर नई वितरण प्रणाली के बाद हालात सामान्य होने शुरू हो गए हैं।




रेवाड़ी। रेहड़ियों पर प्लास्टिक बैग में छुपाकर रखे हुए घरेलू गैस सिलेंडर। फोटो : हरिभूमि

#### पर्दे में रखकर यूज हो रही घरेलू गैस

रेहड़ी-खोमचे और ढाबे वाले लोगों को कमर्शियल सिलेंडर मिल नहीं पा रहे हैं। इन लोगों ने अब घरेलू गैस सिलेंडरों का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। ऐसे लोगों पर खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की इन्फोर्समेंट टीमें शिकंजा सकते हुए सिलेंडर जब्त कर रही हैं। इसके बावजूद प्लास्टिक के कट्टों से लेकर ड्रमों तक में सिलेंडर रखकर इनका इस्तेमाल किया जा रहा है। धंधा चौपट होने से बचाने के लिए उनके लिए ऐसा करना जरूरी हो गया है।

#### कम इस्तेमाल वाले कर रहे ब्लैक

जानकार सूत्रों के अनुसार जिन परिवारों में गैस की खपत कम है, वह कोटे के सभी सिलेंडर रिफिल कराने के बाद इन्हें ब्लैक में भी बेच रहे हैं। चाय की दुकान और रेहड़ी लगाने वाले लोग इन सिलेंडरों को 15 सौ रुपये से 2 हजार रुपये तक में खरीद रहे हैं। कई छोटे परिवारों में सिलेंडर 2 से 3 माह तक चल जाते हैं, जिस कारण वह फालतू सिलेंडर ब्लैक में भी बेचने लगे हैं। सिलेंडरों का स्टॉक करने वालों पर विभाग की पैनी नजर है।

#### एजेंसियों पर भीड़ की संभावना कम

बड़ी संख्या में गैस उपभोक्ता अपने कोटे के सिलेंडर रिफिल करा चुके हैं। पैनिक के चलते लोगों ने अपने घर में मौजूद कनेक्शन के सभी सिलेंडर भरवा लिए लिए हैं। लोगों के पास घरों में सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक हो चुका है। उनके लिए अब और सिलेंडर बुक कराने का रास्ता भी निर्धारित अवधि तक बंद हो चुका है। ऐसे में आने वाले दिनों में गैस एजेंसियों पर सिलेंडर लेने के लिए आपाधापी का माहौल देखने को नहीं मिलेगा।

#### लगातार की जा रही चेकिंग

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की इन्फोर्समेंट टीम लगातार एजेंसियों पर गैस के स्टॉक की जांच कर रही है। अभी हालात सामान्य हो रहे हैं। जमाखोरी और कालाबाजारी करने वाले लोगों के खिलाफ एक्शन लिया जा रहा है।

-नितिन कुमार सिंगला, डीएफएससी।

# भू-मित्र व्हाट्सएप चैटबॉट के माध्यम से चौबीस घंटे मिलेंगी भूमि व राजस्व सेवाएं

### हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध यह चैटबॉट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



डीसी अभिषेक मीणा

- राज्य के हर नागरिक के लिए सरकारी सेवाओं को अधिक सुलभ

हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने 'भू-मित्र' नामक व्हाट्सएप आधारित चैटबॉट लॉन्च किया है, जो भूमि और राजस्व से संबंधित सेवाएं लेने वाले नागरिकों को चौबीस घंटे सहायता प्रदान करेगा। हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध यह चैटबॉट राज्य के हर नागरिक के लिए सरकारी सेवाओं को अधिक सुलभ, पारदर्शी और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि भू-मित्र एक स्मार्ट, संवादात्मक (कन्वर्सेशन) चैटबॉट है, जिसे सीधे व्हाट्सएप के माध्यम से उपयोग किया जा सकता है। यह प्लेटफॉर्म पहले से ही हरियाणा के नागरिकों के बीच व्यापक रूप से इस्तेमाल किया जाता है। अब नागरिकों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने या जटिल पोर्टलों का उपयोग करने की आवश्यकता नहीं होगी। वे अपने स्मार्टफोन पर कुछ ही क्लिक के माध्यम से घर बैठे दिन के किसी भी समय आवश्यक राजस्व सेवाएं प्राप्त कर सकेंगे। डीसी ने बताया कि भू-मित्र चैटबॉट के माध्यम से नागरिक फिलहाल चार प्रमुख राजस्व सेवाओं का लाभ ले सकते हैं भूमि स्वामित्व और खेती संबंधी रिकॉर्ड के लिए जमाबंदी की प्रति, भूमि स्वामित्व में परिवर्तन से संबंधित इंतकाल की प्रति, संबंधित मामलों के लिए मुआवजा पंजीकरण तथा दस्तावेज पंजीकरण से संबंधित सहायता।

इसके अतिरिक्त चैटबॉट के माध्यम से डीड टोकन जनरेशन, भूमि सीमांकन के लिए आवेदन, भूमि एवं राजस्व से जुड़ी शिकायत दर्ज करना, तथा शिकायत की स्थिति की रियल-टाइम ट्रैकिंग जैसी सुविधाएं भी एक सरल संवादात्मक इंटरफेस के जरिए व्हाट्सऐप पर उपलब्ध होंगी। नागरिक व्हाट्सएप नंबर 9593300009 को सेव करके और उस पर मैसेज भेजकर भू-मित्र सेवा का उपयोग कर सकते हैं। यह चैटबॉट साल के 365 दिन, चौबीसों घंटे उपलब्ध रहेगा।

#### महत्वपूर्ण राजस्व सेवाएं होंगी उपलब्ध

डीसी ने बताया कि व्हाट्सएप जैसे परिचित और व्यापक रूप से उपयोग किए जाने वाले प्लेटफार्म पर महत्वपूर्ण राजस्व सेवाएं उपलब्ध कराकर राजस्व विभाग का उद्देश्य प्रशासनिक देरी को कम करना, कार्यालयों के अनावश्यक दौरे घटाना और नागरिकों को वास्तविक समय में जानकारी उपलब्ध कराकर उन्हें सशक्त बनाना है। द्विभाषी इंटरफेस यह सुनिश्चित करेगा कि यह सेवा समाज के सभी वर्गों, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों तक भी आसानी से पहुंचे।

# पुलिस ने लौटाई परिजनों की मुस्कान लापता किशोर किया परिवार के हवाले

- दिल्ली के द्वारका से लापता हुआ था 16 साल का किशोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। किशोर को परिजनों के हवाले करते हुए ट्रैफिक पुलिसकर्मी।

दिल्ली के द्वारका से गत 15 मार्च को अचानक घर से लापता हुए किशोर के परिजन उसकी तलाश में दर-दर भटक रहे थे। यह बच्चा सिटी ट्रैफिक पुलिस को मिला, तो उसे सकुशल परिजनों के हवाले कर दिया गया। इससे परिजनों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई। बच्चा सकुशल मिलने पर परिजनों ने जिला पुलिस का आभार व्यक्त किया। सिटी ट्रैफिक पुलिस ने बीएमजी मॉल के पास लगभग 16 साल के किशोर को संदिग्धावस्था में घूमते हुए देखकर उससे पूछताछ की। बच्चे ने पुलिस को बताया कि वह अपने घर से निकलने के बाद भटककर यहां तक पहुंचा है।

उसने अपने परिजनों का पता भी पुलिस को बताया।

#### परिजनों के आने तक रखा अपने पास

ट्रैफिक पुलिस ने सूचना देने के बाद किशोर के परिजनों का इंतजार करते हुए बच्चे को अपने पास ही रखा। उसे खाना खिलाकर एक स्थान पर बैठा दिया गया। परिजनों के दिल्ली से आने के बाद बच्चा उनके सुपुर्द कर दिया गया। बच्चे के पिता ने बताया कि उसके घर से निकलने के बाद पूरा परिवार चिंतित हो रहा था। उसकी मां खाना तक नहीं खा रही थी। उसके मिलने की सूचना के बाद ही परिवार में खुशियां लौट आईं।

### गेमिंग कॉइन का लालच देकर ठग बना रहे निशाना अभिभावकों को सावधान रहने की जरूरत



एसपी एचके मीणा

रेवाड़ी। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने आमजन विशेषकर बच्चों और उनके अभिभावकों को ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म रोबलॉक्स की वर्चुअल करेंसी रोबक्स के नाम पर हो रही साइबर ठगी को लेकर सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधी फ्री या सस्ते रोबक्स देने का लालच देकर बच्चों और गेम खेलने वाले युवाओं को फर्जी वेबसाइट, लिंक या एप के जरिए ठगी का शिकार बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की ठगी में साइबर अपराधी सोशल मीडिया, यूट्यूब, व्हाट्सएप या अन्य प्लेटफॉर्म पर फ्री रॉब्लाक्स या अनलिमिटिड रोबक्स देने का झांसा देकर लिंक शेयर करते हैं। कई बार वह खुद को गेमिंग कंपनी का प्रतिनिधि या टेक्निकल सपोर्ट बताकर भी संपर्क करते हैं। लिंक पर क्लिक करने के बाद यूजर्स से उनकी रोब्लॉक्स आईडी, पासवर्ड, ओटीपी या बैंक संबंधी जानकारी मांगी जाती है। कुछ मामलों में ठग लोगों को फर्जी वेबसाइट पर लॉगिन करवाकर उनकी गेमिंग आईडी हैक कर लेते हैं। कई बार बच्चों से अभिभावकों के मोबाइल या बैंक कार्ड की जानकारी लेकर उनके खातों से पैसे भी निकाल लेते हैं। किसी भी वेबसाइट, लिंक या वीडियो में दिखाए जा रहे फ्री रोबक्स या सस्ते गेमिंग कॉइन के ऑफर पर भरोसा न करें। रोब्लॉक्स अकाउंट का पासवर्ड, ओटीपी या अन्य गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें। किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। अनजान व्यक्ति के कहने पर कोई ऐप डाउनलोड या स्क्रीन शेयर न करें। गेमिंग करेंसी या इन-गेम खरीदारी केवल आधिकारिक प्लेटफॉर्म से ही करें। बच्चों के मोबाइल और ऑनलाइन गेमिंग गतिविधियों पर अभिभावक नियमित नजर रखें।

# बिजली निगम का मेंटिनेंस वर्क बना आफत कई स्थानों पर कटी बीएसएनएल की केबल

- डीसी निवास से लेकर जजों की कोठियों तक के फोन रहे बंद, निगम की इंटरनेट सेवा भी बुरी तरह चरमरा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। बिजली की केबल डाल रहे निगम के कर्मचारी।

बिजली निगम की ओर से लाइनों की मेंटिनेंस और केबल बिछाने का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। इसी कार्य के चलते जगह-जगह बीएसएनएल की केबलें कट रही हैं, जिससे फोन डेड होने के साथ ही इंटरनेट सेवा भी प्रभावित हो रही है। बीएसएनएल कर्मियों को लाइनों को दुरुस्त करने में जमकर पसीना बाहाना पड़ रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को डीसी निवास से लेकर जजों की कोठियों तक के फोन डेड हो गए, जिन्हें बीएसएनएल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद चालू किया। बिजली निगम की ओर से पुराने तारों की जगह केबल बिछाने का कार्य किया जा रहा है, गर्मी के मौसम में लाइन फॉल्ट होने की आशंका को टाला जा सके।

#### पोल से गुजर रही ओएफसी लाइनें

बीएसएनएल की ऑप्टिकल फाइबल केबलें भूमिगत भी हैं और बिजली के खंभों पर भी बंधी हुई हैं। मेंटिनेंस कार्य के चलते पोल गाड़ते समय गड्ढा खोदते समय जहां भूमिगत लाइनें कट जाती हैं, वहीं पोल के ऊपर से तार हटाकर केबल डालते समय बीएसएनएल की केबलें कट जाती हैं। आए दिन बीएसएनएल की सेवा बिजली निगम के मेंटिनेंस कार्य के चलते बाधित हो रही है, जिसका खामियाजा उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है।

# जिला जेल में की कैदियों के स्वास्थ्य की जांच

- कैंप में जिला जेल में उपस्थित सभी कैदियों का चिकित्सा परीक्षण किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। जेल में कैदियों के स्वास्थ्य की जांच करते हुए डॉक्टर। फोटो :हरिभूमि

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेवाड़ी के सचिव एवं सीजेएम अमित वर्मा की अध्यक्षता में गुरुग्राम के निजी अस्पताल व स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से जिला जेल रेवाड़ी में सभी कैदियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कैंप में जिला जेल में उपस्थित सभी कैदियों का चिकित्सा परीक्षण किया गया। इस कैंप में कैदियों के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से सामान्य चेकअप, दंत तथा नेत्र चिकित्सा की जांच की गई। वहीं मेदांता द मेडिसिटी की तरफ से इसीजी तथा बोन डेंसिटी का चेकअप किया गया। अस्पताल के कार्डियोलॉजिस्ट तथा जनरल फिजिशियन ने शिविर में कैदियों का विटल टेस्ट किया। इस अवसर पर सीजेएम अमित वर्मा, सीएमओ डॉ. नरेंद्र दहिया तथा चिकित्सक व उनकी टीम सहित जिला जेल के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों को किया नशे के प्रति जागरूक नशा नहीं करने की लोगों को शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। ग्रामीणों को नशे के प्रति जागरूक करते हुए टीम के सदस्य।

नशा मुक्ति अभियान के तहत पुलिस विभाग की टीम ने मंगलवार को ग्रामीणों को नशे के प्रति जागरूक किया। ग्रामीणों को नशा नहीं करने की शपथ भी दिलाई गई।

निरीक्षक रामपाल के नेतृत्व में गठित की गई नशा मुक्ति टीम ने डोर-टू-डोर अभियान दौरान गांव खलियावास व मालपुरा में सर्वे कर ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए टीम के सदस्यों ने कहा कि नशा व्यक्तिके शरीर, परिवार और समाज तीनों का सबसे बड़ा शत्रु है। यह न केवल स्वास्थ्य को बर्बाद करता है, बल्कि युवाओं का भविष्य भी अंधकारमय कर देता है। आप सभी विद्यार्थी देश का भविष्य हो। पढ़ाई, खेल और अपने सपनों में ध्यान लगाओ, नशे जैसी बुरी आदतों से हमेशा दूर रहो।

#### ट्रैफिक नियमों के प्रति किया जागरूक

इस दौरान ग्रामीणों को यातायात नियमों की भी जानकारी दी और कहा कि सड़क पर वाहन चलाते समय नियमों का पालन करना जरूरी है। हेलमेट, सीट बेल्ट का प्रयोग और यातायात संकेतों का पालन हमारी सुरक्षा के लिए अनिवार्य है। टीम के सदस्यों ने कहा कि यदि कोई भी असामाजिक तत्व, संदिग्ध व्यक्ति या वाहन दिखाई दे या किसी भी आपातकालीन स्थिति में तुरंत डायल 112 पर इसकी सूचना दें।

# जर्जर सड़क से हादसों की आशंका एमएलए से की निर्माण की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। निमोठ से कपूरी के बीच जर्जर हो चुकी सड़क।

जिले के अंतिम छोर पर स्थित गांव निमोठ व आसपास के ग्रामीणों ने कोसली के विधायक अनिल यादव से निमोठ से कपूरी को जोड़ने वाली जर्जर सड़क का निर्माण करवाने की मांग की है। इस सड़क की दुर्दशा से हादसों की आशंका बनी हुई है। गांव निवासी संजय कुमार, दिनेश, सोमबीर, सुभाष, अनिल यादव, कपूरी निवासी मनोज चौहान, बिक्रम सिंह, आदित्य, सुरेंद्र व ककराला निवासी मनीष आदि ने बताया कि इस सड़क से आसपास के कई गांवों के लोगों का आवागमन होता है। सड़क का निर्माण कनीना मार्केट कमेटी की ओर से कराया गया था। सड़क का ज्यादा हिस्सा रेवाड़ी जिले की सीमा में आता है। इसी वजह से कनीना मार्केट कमेटी के अधिकारी इस सड़क का निर्माण नहीं करा रहे हैं।

#### सड़क में बन चुके मोटे गड्ढे

ग्रामीणों ने बताया कि सड़क में मोटे-मोटे गड्ढे बन गए हैं। बारिश होने पर इन गड्ढों में पानी एकत्रित हो जाता है। इसके बाद गड्ढे दिखाई नहीं देते। दुपहिया वाहन चालक गड्ढों में गिरकर घायल होते रहते हैं। कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने विधायक से इस सड़क का जल्द निर्माण कराने की मांग की है।

# झाड़ौदा की मंजू को बेस्ट मदर का पुरस्कार सर्वोत्तम आहार पर हुआ कार्यक्रम

- शिशु के लिए मां का दूध सर्वोत्तम आहार माना गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली



कोसली। सर्वोत्तम माता प्रतियोगिता में भाग लेने वाली महिलाएं।

गांव झाड़ौदा के आंगनबाड़ी केंद्र में आयोजित की गई बेस्ट मदर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में झाड़ौदा की मंजू को बेस्ट मदर का पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर पिंकी शर्मा ने कहा कि शिशु के लिए मां का दूध सर्वोत्तम आहार माना गया है। माताएं अपने शिशु को कम से कम 6 माह और अधिक से अधिक तीन साल तक अपना दूध पिला सकती हैं। इससे मां के स्वास्थ्य या शारीरिक सौष्ठव पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता। वैज्ञानिक तथा चिकित्सा के दृष्टिकोण से यह सिद्घ हो चुका है कि शिशु के उचित विकास के लिए माता का दूध ही सर्वश्रेष्ठ आहार है। मां का दूध पीने वाले बच्चे सेहतमंद होते हैं। उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता किशोर अवस्था तक कायम रहती है। शिशु मां का दूध पी रहा है तो माता को उसे रोकना नहीं चाहिए।

#### महिलाओं को टीकाकरण की जानकारी

एएनएम राजेश देवी और सीमा ने माताओं को 6 माह के बाद शिशु के आहार और बच्चों का टीकाकरण करवाने के बारे में जानकारी दी। महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, आपकी बेटी हमारी बेटी, सुकन्या समृद्धि योजना के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने भी अपने विचार सांझा किए।

### समापन समारोह में आए अतिथियों का तिलक लगाकर किया स्वागत

# समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

### स्वयंसेवकों ने आकर्षक एनएसएस लोगो की रंगोली बनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। कैंप के समापन अवसर पर मौजूद स्वयंसेवक व अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

केएलपी कॉलेज की ओर से बीकानेर में लगाए गए एनएसएस शिविर के सातवें दिन की शुरूआत शिविर स्थल की सफाई एवं सजावट से हुई। इसके साथ ही स्वयंसेवकों द्वारा आकर्षक एनएसएस लोगो की रंगोली बनाई गई। समापन समारोह में आए अतिथियों का स्वागत तिलक एवं एनएसएस बैज लगाकर किया गया। इसके पश्चात सरस्वती वंदना, एनएसएस क्लैप और एनएसएस लक्ष्य गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मंच संचालन और वैलिडिक्टरी रिपोर्ट प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. पारुल मित्तल द्वारा पेश की गई, जिसमें उन्होंने पूरे सात दिनो की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और स्वयंसेवकों को समाज सेवा के प्रति प्रेरित किया। डॉ. मित्तल ने बताया कि इस सात दिवसीय विशेष शिविर का विषय था यूथ का विकसित भारत@2047 और सतत विकास। पिछले सप्ताह, यह गांव सिर्फ हमारे शिविर का स्थान नहीं था; यह हमारा घर बन गया था। समापन समारोह में मुख्य अतिथि अशोक सोमानी, प्रधान पीईब रहे और विशिष्ट अतिथि के रूप में कॉलेज प्रबंधन समिति के उपप्रधान संदीप खंडेलवाल, महासचिव अरविंद गुप्ता, कोषाध्यक्ष उषा रुतगी, कालेज प्राचार्या डॉ. कविता गुप्ता तथा आर्य समाज के प्रधान धर्मवीर सिंह, कृष्ण कमल सैनी, दयाराम आर्य व महाशय जयप्रकाश थे।

#### विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया

समापन दिवस पर स्वयंसेवकों द्वारा भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनमें राज्यवार प्रस्तुतियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। इन प्रस्तुतियों में हरियाणा, पंजाब, जम्मू-कश्मीर, तमिलनाडु, गुजरात, असम, राजस्थान एवं दक्षिण भारत की संस्कृति को दशार्या गया। इसके अतिरिक्त शिविर के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किए गए तथा विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी महेंद्र सांभरिया ने सभी का धन्यवाद किया। इसके पश्चात एनएसएस क्लैप, पावर क्लैप एवं रिदमिक क्लैप के साथ कार्यक्रम को उत्साहपूर्वक संपन्न किया गया।